## अभ्यास पत्रक

## 3. पहली बूँद (गोपालकृष्ण कौल)

नाम :- ............ कक्षा :- ............ अवधि :- .............. अनुक्रमांक :- ........ प्राप्तांक :- .......

### मेरी समझ से

1. **(क) नीचे दिए गए प्रश्नों का सटीक उत्तर कौन-सा है उसके सामने तारा (☆) बनाइए** 1

(1) कविता में 'नव-जीवन की ले अंगड़ाई' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

- बादल
- अंकुर
- बूंद
- पावस

(2) 'नीले नयनों-सा यह अंबर, काली पुतली से ये जलधर' में 'काली पुतली' है- 1

- बारिश की बूँदें
- नगाड़ा
- वृद्ध धरती
- बादल

**(ख) ऊपर रेखांकित पंक्तियों में आपको कौन-सी पंक्ति सबसे अच्छी लगी और क्यों?** 2

उत्तर- ........................................................................................................
...............................................................................................................

### मिलकर करें मिलान

2. **कविता की कुछ पंक्तियाँ नीचे दी गई हैं। इन पंक्तियों में कुछ शब्द रेखांकित हैं। दाहिनी ओर रेखांकित शब्दों के भावार्थ दिए गए हैं। इनका मिलान कीजिए।** 2

| कविता की पंक्तियाँ | भावार्थ |
|---|---|
| 1. आसमान में उड़ता सागर, लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर | 1. मेघ गर्जना |
| 2. बजा नगाड़े जगा रहे हैं, बादल धरती की तरुणाई | 2. बादल |
| 3. नीले नयनों-सा यह अम्बर, काली पुतली से ये जलधर। | 3. हरी दूब |
| 4. वसुंधरा की रोमावलि-सी, हरी दूब पुलको मुसकाई। | 4. आकाश |

उत्तर- ........................................................................................................
...............................................................................................................
...............................................................................................................
...............................................................................................................

### पंक्तियों पर चर्चा

3. **कविता में से चुनकर कुछ पंक्तियाँ नीचे दी गई हैं। इन्हें ध्यान से पढ़िए और इन पर विचार कीजिए। अपने विचार के अनुसार इनका अर्थ लिखिए-** 4

(1) "आसमान में उड़ता सागर, लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर,
बजा नगाड़े जगा रहे है, बादल धरती की तरुणाई।"

(2) "नीले नयनों-सा यह अंबर, काली पुतली-से ये जलधर।
करुणा-विगलित अश्रु बहाकर, धरती की चिर-प्यास बुझाई।"

उत्तर-

## सोच-विचार के लिए

4. **कविता को एक बार फिर से पढ़िए और निम्नलिखित के बारे में पता लगाकर अपनी लेखन पुस्तिका में लिखिए।** **2**

    (1) बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है?

    (2) कविता में आकाश और बादलों को किनके समान बताया गया है?

उत्तर-

5. **गोपालकृष्ण कौल का जन्म कब हुआ?** **1**

    (क) 1922 (ख) 1923 (ग) 1924 (घ) 1925

उत्तर-

6. **कवि ने किस प्रकार की रचनाएँ बच्चों के लिए लिखी हैं?** **1**

    (क) देश- प्रेम (ख) प्रकृति (ग) जीव जन्तुओं (घ) सभी

उत्तर-

7. **पावस का प्रथम दिन कब था?** **2**

उत्तर-

8. **किसने अंगड़ाई ली?** **2**

उत्तर-

9. **वर्षा की पहली बूँद से प्रकृति में क्या परिवर्तन हुए हैं?** **2**

उत्तर-

egyanarchive